सार-समाचार

## भागवती दीक्षा महोत्सव कल

**कानोड़, (निसं)।** राजस्थान के गंगाशहर की रहने वाली मधु भूरा शिक्षा नगरी कानोड़ में जैन साधु बनने जा रही है , जैन भागवती दीक्षा महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को दोपहर 1:15 बजे मुमुक्ष मधु भूरा की पाट बिठाई , चौबीसा की रस्म महिलाओं ने मंगलगीतों के साथ पुरी की। श्री साधुमार्गी शांत क्रांति जैन श्रावक संघ कानोड़ के अध्यक्ष सुरेश चंद्र दक, मंत्री पारसमल मुर्डिया ने बताया कि आचार्य नानेश म.सा. के सुशिष्य आचार्य विजय राज म. सा. , उपाध्याय प्रवर जितेश मुनी म. सा., महासती पुष्पावती, तारा कंवर, विजयलक्ष्मी, कनक श्री , ईंदुप्रभा म. सा. आदि ठाणा साध्वी मंडल के सानिध्य में आयोजित गंगाशहर की मुमुक्ष मधु भुरा की भागवती दीक्षा महोत्सव के तहत 17 अप्रैल प्रातः 7:30 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 11:15 केसर छटाई, दोपहर 3:30 बजे मेहंदी रस्म के साथ ही साथ-साथ 7:00 बजे अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन होगा। वही 18 अप्रैल को प्रातः 7:15 बजे महाभिनिष्क्रमण यात्रा निकाली जाएगी, प्रातः 11:00 प्रवज्जा महोत्सव व 12:15 बजे से गौतम प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजित कार्यक्रम में देशभर के कई शहरों व गांवों से जैन समाज के लोग पहुंचेंगे। कार्यक्रम गार्डन माधव सागर सूरजपोल परिसर में आयोजित किया गया है, जहां तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आयोजन समिति की ओर से व्यवस्थाएं की जा रही है।

## चोरी की वारादात को दिया अंजाम

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के कुआं थाना क्षेत्र के दरियाटी गांव में बीती रात चोरों ने एक साथ चार दुकानों में चोरी की वारादात अंजाम दिया। बुधवार सुबह दुकान के ताले के ताले टूटे देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना दुकानदारों और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर कुआं पुलिस पहुंची तथा मौके मुआयना किया। चोरो ने दुकानदार चंदु लबाना ने बताया कि चोरों ने उसकी दुकान के ताले तोडकर गल्ले में रखे करीब 1० हजार रुपए नकद और किराणा का सामान चोरी कर ले। वहीं चोरो ने प्रकाश कलाल की दूकाने के ताले तोडकर गल्ले में रखे करीब 4० हजार रुपए नकद सहित किराणा का सामान चोरी कर ले गए। चोरों ने दोनों दूकानों में चोरी की वारादत करने के बाद एक मोबाइल दुकान और एक अन्य दूकानों की ताले में तोड कर चोरी कर प्रयास किया गया। लेकिन दोनों दुकानों सेंटर लॉक होने की वजह से चोर चोरी की वारादत को अंजाम नहीं दे पाए।जिससे दोनों दुकानों में बडी चोरी होने से बच गई।दरियाटी के व्यापार संघ ने कस्बे बढती चोरी को लेकर बुधवार को कुआं थाना पहुंचकर रिपोर्ट सौंपते हुए चोरों को पकडने की मांग की।

## झुलसा देने वाली गर्मी से आम जन त्रस्त

**डूंगरपुर, (निसं)।** अप्रेल माह के तीसरे सप्ताह से ही गर्मी के तीखें तेवर बदसुरत जारी है। वही मंगलवार को अल सुबह से गर्मी ने अपना रोद्ररूप दिखाकर यह एहसास करा दिया है कि अभी तो मई माह में हालात किस तरह होंगे। साथ ही अभी से पंखे तो पूर्णतया नकारा साबित होने लग गये है। तो वही कूलरों की मांग यकायक बढ गई है। विगत दिनों से जारी गर्मी का रोद्र रूप लगातार बढता जा रहा है। जिसके चलते इन दिनों दिन में तो क्या शाम ढलने के बाद भी घरों से निकलना दुश्वार बन गया है। मंगलवार को गर्मी के तेवर इस कदर तीखे थे, कि दोपहर 12 बजे बाद सडके विरान सी नजर आने लगी और जो भी आम नागरिक आवश्यक कार्यो से निकलता वह पूरे गर्मी के बचाव के उपाय के साथ निकल रहा था। इधर गर्मी के कारण जहां शहर के प्याऊ पर खासी भीड देखी गई।

## महावीर जयंती की तैयारी शुरू

**भीण्डर, (निसं)।** भगवान महावीर की आगामी 21 अप्रैल को जन्म कल्याणक पावन पर्व को लेकर भीण्डर में तैयारियां शुरू हो चुकी है। सकल जैन समाज द्वारा आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रम के तहत 2० अप्रैल शाम 5 बजे ध्यान डूंगरी अतिशय क्षेत्र से वाहन रैली का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर आज वाहन रैली कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया। जिसमें अहिंसा जय घोष के मीडिया प्रभारी रजत जैन ने बताया की समाज के राजकुमार वया, मुकेश मेहता, मनीष दक, दिलीप कोठारी, प्रकाश धर्मावत, बाबु लाल धर्मावत, रिषभ वानावत, अमन फान्दोत, रजत कंठालिया, चिन्मय कंठालिया, सुजल वक्तावत आदि उपस्थित थे। वहीं 21 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा का भी आयोजन होगा, जिसमें सकल जैन समाज के महिला-पुरूष शामिल होंगे।

## शक्ति पीठों पर हवन शुरू

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर नगर एवं आसपास क्षेत्र के शक्तिपीठों में मंगलवार को चेत्र नवरात्रा पर्व की अष्ठमी से हवन शुरू हो गये। जिसमें नगर के बीजासर माता मन्दिर, कालका माता मन्दिर, वनखण्डेश्वरी माता मन्दिर, अम्बामाता मन्दिर सहित विभिन्न स्थानों पर दूर्गा पाठ की समाप्ति पर हवन आयोजित हुए जिनकी बुधवार को पूर्णाहुति के साथ नवरात्रा संपन्न हो जायेगी। कालिका माता के दरबार में नवरात्रि कार्यक्रम में विशेष सेवा पूजा एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा हैं तो वहीं रात्रि जागरण का आयोजन होगा। वहीं बीजासर माता मन्दिर में भी मंगलवार से हवन शुरू हुआ, जिसमें मुख्य यजमान प्रेमसिंह चौहान ने आहुतियां दी।

## पांचवी बोर्ड के रोल नंबर आवंटित

**डूंगरपुर, (निसं)।** आगामी 30 अप्रैल से आयोज्य प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन 2024 कक्षा 5 की परीक्षाओं के लिए विभाग द्वारा रोल नंबर आवंटित कर दिए गए हैं। डाइट प्रधानाचार्य रणछोडलाल डामोर ने बताया कि कक्षा पांचवी की परीक्षाएं 3० अप्रैल से चार मई तक आयोजित होंगी। इस हेतु उन्होंने समस्त संस्था प्रधानों से अपने शाला दर्पण पोर्टल से परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त छात्र छात्राओं के प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उसकी प्रिंट निकालकर जांच करने को कहा है।

# महिला शक्ति और सामर्थ्य का पर्व है गणगौर : माहेश्वरी

**राजसमंद, (निसं)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने चित्तौडगढ महिला मण्डल की ओर से आयोजित गणगौर उत्सव में भाग लिया। पार्वती गार्डन में आयोजित समारोह में महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ रक्षा भण्डारी के साथ गौरा माता एवं ईसरजी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर गणगौर महोत्सव का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि सनातन संस्कृति में पर्व, उत्सव अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते है। गणगौर का पर्व महिला शक्ति और सामर्थ्य का पर्व है।

अपने परिवार और समाज की रक्षा के लिए माताएं और बहनें इस पर्व पर माता पार्वती और देवाधिदेव महादेव से स्वयं को समर्थ बनाने का आर्शीवाद मांगती है। गणगौर पर सांस्कृति समारोहों का आयोजन हमारी संगीत एवं नृत्य के प्रति हमारे अनुराग को दिखाता है। यह पर्व प्रेम, भक्ति और सौहार्द का संदेश देता है। विधायक दीप्ति ने रामकुंड परिसर प्रतापगढ में प्रतापगढ माहेश्वरी समाज की ओर से आयोजित मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उपस्थित समाजजनों एवं मातृशक्ति के साथ सामाजिक उठायन समरसता और सनातन धर्म पर विचार विमर्श किया। विधायक ने कहा कि माहेश्वरी समाज ने स्वतंत्रता संघर्ष में अमूल्य योगदान दिया था। हमें उद्यमी, परिश्रमी एवं विवेकशील नेतृत्व के साथ नागरिक सेवाओं, राजनीतिक



चित्तौडगढ महिला मण्डल की ओर से आयोजित गणगौर उत्सव का गौरा माता एवं ईसरजी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करती विधायक दीप्ति माहेश्वरी।

सीमाओं और मानवीय सेवाओं में अग्रणी रहने की परम्परा को आगे बढाना है। प्रतापगढ समाज द्वारा दिए गए अतिथि एवं स्नेहभाव का आभार व्यक्त किया। राष्ट्र निर्माण और सामाजिक उत्थान के लिए आगे रहने का आ ान किया। लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान के लिए निवेदन किया। विधायक ने प्रतापगढ जिला महिला मोर्चा द्वारा दिव्यम रिसोर्ट में आयोजित सम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष डॉ रक्षा भण्डारी और चित्तौडगढ प्रभारी पिंकी माण्डावत के साथ भाग लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की नए भारत के निर्माण में बडी भूमिका है।

महिला सशक्तिकरण से ही विकसित भारत बनाने का सपना साकार होगा। विधायक दीप्ति ने कहा कि महिलाओं को पारिवारिक एवं सामाजिक कर्तव्यों के साथ ही सामाजिक उत्थान और राष्ट्र निर्माण में भी सक्रियता के साथ कार्य करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को समर्थवान एवं विकसित बनाने का संकल्प लिया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से मातृशक्ति पर देश निर्माण में विशेष योगदान देने का दायित्व आया है। उपस्थित मातृशक्ति के साथ विकसित भारत की शपथ ली। अबकी बार 400 पार के विजय संकल्प को प्रतिबद्धता के साथ पूरा करने का सभी के साथ संकल्प लिया।

## भेंट किये प्रसूता केयर किट

**बांसवाड़ा, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल माही वीरा केंद्र की ओर से सतत सेवा व बेटी बचाओ अभियान के अंतर्गत चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर महात्मा गांधी अस्पताल के जनाना वार्ड में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी खुशपाल सिंह राठौड के आतिथ्य में कन्या पूजन किया गया। केन्द्र सदस्याओं ने नवजात कन्याओं को तिलक लगाकर बेबी किट व राशि भेंट की और माताओं का भी सम्मान करते हुए प्रसूता केयर किट प्रदान किए।

केंद्र अध्यक्ष भुवनेश्वरी मालोत ने बताया कि प्रति वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। वीराओ ने बेटियों के कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। प्रमुख चिकित्साधिकारी राठौड़ ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से लोगों में जागरुकता आती है। इस अवसर पर पूर्व में स्थापित बेबी किट बैंक में आपातकालीन सेवा के लिए बेबी किट जमा किए गये। कार्यक्रम में दीपिका जैन, सुधा तलवाडिया, ऋषि कन्या व्यास, कांता भाटी, उषा मखीजा, सरोज व्यास, विमला कोठारी, भारती तलरेजा ने सहयोग प्रदान किया। आभार उपाध्यक्ष पूनम सोतानी ने माना।

# 'आसपास मच्छरों को पनपने से रोकेने के लिए करें प्रेरित'

**राजसमंद, (निसं)।** स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनी मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए समुदाय को साथ लेकर लू तापघात से बचाव के उपाय बताये तथा अन्य मौसमी बीमारियों मलेरियाए डेंगू के लिए आमजन को जानकारी देवे तथा घर तथा घर के आस पास मच्छरों को पनपने से रोकेने के लिए प्रेरित करें। यह निर्देश सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने खमनोर में आयोजित विभागीय ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए।

उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम में गांव स्तरीय विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानो का सहयोग ले तथा समुदाय का एन्टीलार्वा गतिविधियों प्रति रविवार को आयोजित किए जा रहे ड्राई डे में सक्रिय सहयोग ले, मच्छरो के लार्वा का प्रदर्शन करें, ड्राई डे के आयोजन में लोगो को पानी के पात्र, टंकी, कूलर, परिण्डे, मटकी, बर्तनो को पूरी तरह धोकर सुखाने के लिए प्रेरित करे तथा प्रत्येक घर में भ्रमण कर उनको एन्टीलार्वा गतिविधियों में शामिल करे। बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम परिवार



सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने समीक्षा बैठक ली।

कल्याण कार्यक्रम, गैर संचारी रोगो की रोकथाम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, संशोधित राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को सेक्टर स्तर पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्यक्रमों की समीक्षा एवं मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया। इस दौरान खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपक कुमार ने ब्लॉक में अब तक विभिन्न कार्यक्रमों में उपलब्धियों की जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य भवन से सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों एवं खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सम्बोधित करते हुए सभी को सजग रहने तथा एन्टी लार्वा गतिविधियों को पूरी गुणवत्ता के साथ सम्पादित करने के लिए निर्देशित किया।

# आठ दिवसीय नीम रसपान शिविर संपन्न

**बांसवाड़ा, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल एवं स्व. शांता देवी जैन स्व. चंदूलाल जैन खादी वाले की स्मृति में आयोजित आठ दिवसीय निशुल्क नीम रसपान शिविर का समापन संस्था संरक्षक प्रदीप कोठारी की अध्यक्षता में हुआ।

कोठारी ने कहा कि अगर हम मिठाई लेकर बांटे तो इतनी सुबह कोई नहीं आता मगर नीम इतना कड़वा होकर भी शरीर को लाभ पहुंचता है इसलिए सुबह-सुबह सभी शहर वासी नीम रस पीने आते हैं। डॉ. राजेश वसानिया ने बताया कि यह कार्य विगत 16 वर्षो से सुचारु रूप से होता आ रहा है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरके मालोत ने बताया कि चौत्र नवरात्रि में नीमरस पान करने से वर्ष पर्यन्त बीमारियों से मुक्ति मिलती है। संस्था अध्यक्ष डॉ. महावीर जैन ने बताया कि आठ दिनों मे हजारों शहर वासियों ने नीमरस का लाभ लिया। इस अवसर पर आठ दिन तक सेवाएं देने पर भगवती मालोत, राजेश सोनी, अरुण पंड्या, जगन्नाथ तेली, सुमित तलवाडिया, बापू, दिनेश तेली, विनोद शाह एवं नीम रस के लाभार्थी परिवार संजय जैन एवं मनोज जैन का संस्था की ओर से मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया। संस्था के महेंद्र कवालिया ने बताया कि इस अवसर पर संस्था के इंद्रमल जैन, महेंद्र कवालिया, महिपाल दोसी, अशोक वोरा, रमेश सेठिया, अशोक बोहरा, अंकुर जैन, सुभाष बोरा, प्रकाश कोठारी, वीरा केंद्र की अध्यक्ष भुवनेश्वरी मालोत आदि मौजूद रहे। आभार सचिव मनोज सेठ ने माना।

सार-समाचार

## चुनाव तैयारियों की समीक्षा की



**कपासन, (निसं)।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत कपासन विधानसभा क्षेत्र में समस्त निर्वाचन कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की मॉनिटरिंग हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में बैठक आयोजित की गई।बैठक में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, अंतर-राज्य सीमाओं पर निगरानी, संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान एवं सुरक्षा, आदर्श आचार संहिता, मतदान केंद्रों का प्रबंधन, मतदाता सूची को अद्यतन करने, एफएसटी - एसएसटी के कार्यों, एपिक कार्ड वितरण, वेब कास्टिंग, चुनाव दिवस की तैयारी आदि की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कपासन विधानसभा में मतदाताओं के लिंगानुपात की स्थिति सकारात्मक है। स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान व मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी टीम सतर्कता और समन्वय से कार्य कर रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न चुनाव प्रकोष्ठों के अधिकारियों से अब तक की गई कार्यवाही और चुनाव आयोग के विभिन्न नवीनतम दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर वहां पर शौचालय, पानी, बिजली, छाया सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव को प्रभावित करने वाले तत्वों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वीप गतिविधियों के माध्यम से अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में एसडीएम राजीव बडगुजर कपासन राशमी एसडीम गोविंद सिंह, तहसीलदार जगदीश चन्द्र बामनिया व प्रकोष्ठों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पानी की किल्लत को लेकर आक्रोश

**डूंगरपुर, (निसं)।** गर्मी के साथ ही बढती पानी की किल्लत को लेकर मंगलवार को डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज स्टाफ का आक्रोश फूट पडा। स्टाफ सदस्य नारेबाजी करते हुए अस्पताल पोर्च में आ गए और प्रदर्शन किया। मेडिकल स्टाफ ने पानी मुहैया करवाने मांग की। वहीं, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल ने पानी का इंतजाम करवाने का भरोसा दिलाया है।डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज रेजिडेंट डॉक्टर हॉस्टल में पानी की समस्या बढने लगी है। परिसर में लगे बोरवेल सूख चुके हैं। ऐसे में पानी नहीं आने से समस्या बढ गई है। अस्पताल में पानी की टंकियां खाली पडी हैं, जिससे अस्पताल के शौचालय में पानी मिलना तो दूर पीने के पानी की सुविधा भी नहीं है। शौचालय में पानी नहीं होने से बदबू आ रही है। वहीं, अस्पताल कर्मियों को भी पानी नहीं मिल रहा है। इससे अस्पताल कर्मी आक्रोशित हो उठे। रेजिडेंट डॉक्टर नारेबाजी करते हुए पोर्च में इकट्ठे हो गए। पानी के खाली बर्तन रखकर प्रदर्शन किया। वहीं, प्रदर्शन की खबर लगते ही मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल ने सभी मेडिकल स्टॉफ को अपने चेंबर में बुलाकर बातचीत की। स्टाफ ने पानी नहीं होने से आने वाली समस्या के बारे में बताया। वहीं, पानी की समस्या को दूर करने के लिए टैंकर से पानी का इंतजाम करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद सभी कार्मिक वापस काम पर लौट गए।

## पार्श्वनाथ के जयकारों से गूंजा जिनालाय

**डूंगरपुर, (निसं)।** श्री जैन नवयुवक मंडल के तत्वावधान मे भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव को लेकर इन दिनों चल रहे कार्यक्रमों के तहत मंगलवार को घाटी स्थित श्री गंभीरा पार्श्वनाथ एवं महावीर स्वामी मंदिर मे विविध धार्मिक कार्यक्रम भक्ति भाव के साथ आयोजित किये गए। मगलावार को प्रातः श्री जैन नवयुवक मंडल एवं सकल जैन समाज के प्रतिनिधि घाटी मंदिर पहुंच के जहा देव दर्शन के पश्चात भक्ताम्बर स्त्रोत का पाठ किया गया इसके पश्चात गर्भग्रह विराजित मुलनायक भगवान का अभिषेक, केसर पूजा, फूल पूजा आदि के कार्यक्रम हुवे साथ ही चेतवदन भी हुआ इस दौरान श्री जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सुबोध सरैया, महामंत्री नरेश जैन, रोनी मेहता, संकल्प वखारिया, कोषाध्यक्ष हितेश दावडा, वीसा पोरवाल संघ अध्यक्ष गजेंद्र जैन, रवि भाई सेठ, हर्ष जैन, सचिन शाह सहित महिला पुरुष उपस्थित थे। बुधवार को उण्डा मंदिर मे भक्ताम्बर पाठ के साथ साथ रामनवमी के तहत भण्डारिया स्थित श्री महावीर गो शाला मे पशुओं के लिए चारा व गुड दान किया जायेगा।

## तीसरे दिन भी चला होम वोटिंग का दौर

**बांसवाड़ा, (निसं)।** लोकसभा चुनाव के तहत होम वोटिंग में बांसवाडा, आबापुरा व छोटीसरवन के रुट चार्ट में मंगलवार को 56 होम वोटर 85 प्लस में 54 मतदाता को होम वोटिंग करवाई। एक मतदाता हाल में मृत्यु होने व एक मतदाता के बीमार होने से अनुपस्थित रहा। प्रकोष्ठ से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तीसरें दिन भी होम वोटिंग का कार्य जारी रहा तथा होम वोटिंग के लिये गठित मतदान दलो ने मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान केन्द्र बना कर चयनित वृद्धजनों व दिव्यांगों को मतदान करवाया। होम वोटिंग से वृद्धजनों में उत्साह दिखाई दिया।

# भाजपा नगर मंडल द्वारा शक्ति केंद्र की बैठक सम्पन्न

**डूंगरपुर, (निसं)।** भाजपा नगर मंडल द्वारा शक्ति केंद्र बैठकों का दौर जिसके तहत शिवाजी महाराज एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर शक्ति केंद्र पर शाम 7.30 बजे सुथारो के नोहरे मे शक्ति केंद्र की बैठक आहूत हुई।

नगर महामंत्री नयन सुथार ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन अतिथि नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ, जिला महामंत्री धनपाल जैन, विचार परिवार से केशव सुथार, नगर अध्यक्ष दिलीप जैन, प्रभारी मुकेश श्रीमाल, भूपेश शर्मा, सुथार समाज अध्यक्ष पुरषोत्तम सुथार, भाटिया समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश भाटिया, अल्पसंख्यक मोर्चा से मकबूल हुसैन, खुशीलाल भावसार, हर्ष शर्मा का मुकेश श्रीमाल द्वारा उर्पणा ओढाकर स्वागत किया। इसके पश्चात भूपेश सुथार, केशव सुथार, दिलीप जैन, धनपाल जैन, अमृत कलासुआ द्वारा बारी बारी उद्बोधन दिया। उद्बोधन मे 21 अप्रेल को बांसवाडा में आयोजित मोदी जी की आमसभा महारैला की तैयारियां और 26 अप्रेल को लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां रुपरेखा बनायीं गयी बूथ स्तर पर व्यवस्थाऐ की गई ताकि योजनाबद्ध तरीके से मतदाताओं तक पहुँच कर अधिक से अधिक मतदान कराया जावें। मतदाता सूची का सत्यापन करना आदि बिन्दुओ पर चर्चा की गई, ताकि मतदान 7० से 75 प्रतिशत तक हो और नगर से अधिक



भाजपा नगर मंडल द्वारा शक्ति केंद्र की बैठक में विचार विमर्श करते कार्यकर्ता व पदाधिकारी।

लीड मिले। नगर मंडल द्वारा हर शक्ति केंद्र पर बैठके की जा रही है इसके बाद हर बूथों पर बैठके होंगी मतदाताओ से संपर्क कर मतदाता सूची सत्यापन कर प्रचार प्रसार किया जायेगा केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुचानी और योजनाओं का लाभ ले चुके लाभार्थियों से संपर्क कर योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाना अधिक मतदान करवाना सघन जन संपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक लीड लेना बिन्दुओं पर चर्चा की गई साथ ही उपस्थित नव मतदाताओं रश्मिता सोनी, गुडिया पंचाल, पूर्वी मोची सौम्य सुथार, दिव्यांश सुथार, मिग्नेश सुथार, प्रियल सुथार, दिव्य सोमपुरा, इंद्रपालसिंह चौहान का माला पहनाकर अभिनन्दन किया। कार्यक्रम मे मतदान करने की शपथ भी ली गई कि हम भी मतदान करेंगे औरो को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे की 26 अप्रेल को मतदान जरूर करे। कार्यक्रम मे संयोजक अनिल सुथार, सुरेश भाटिया महिला संयोजक पूर्व पार्षद चन्द्रकांता सुथार, महिला संयोजक नीता सोमपुरा, व्यवस्था प्रमुख अरविन्द शर्मा, भानु सेवक बूथ पालक महेश सुथार, बूथ अध्यक्ष बद्री सुथार, दीपक सोमपुरा, हितेश सोनी गटुनाथ रावल, नरेश यादव आईटी सेल, मनीष सेवक बूथ महामंत्री ,प्रदीपसिंह, विमल सोनी, श्यामा फुमतिया, डिम्पल फुमतिया, जय पंचाल, जयेश सोमपुरा, चन्द्रिका टेलर,गजेंद्र पिंटू सुथार, विमला सुथार, मधु सुथार, मोतीलाल सुथार सपना सुथार, उषा सुथार, अशोक सुथार, माया सुथार, रोशन सुथार, हिनेक सुथार एवं भारी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

**बांसवाड़ा, (निसं)।** मातेश्वरी नगर में स्थित जमना विकास संस्थान नशा मुक्ति केंद्र का मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार ने टीम के साथ आकस्मिक निरीक्षण किया। संस्थान अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने संस्थान के क्रियान्वयन संबंधी जानकारियां दी।

सीएमएचओ डॉ. ताबियार ने बताया कि वोट्सअप पर संस्थान के खिलाफ शिकायत मिली थी इस पर आकस्मिक निरीक्षण किया गया हालांकि यहां पर उचित प्रबंधन मिला सभी कमरों में सीसीटीवी लगे हुए और सही स्थिति में थे। भोजन शाला में भी साफ सफाई थी। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि योग प्रशिक्षकों द्वारा उपचाररत युवकों को योग सीखाया जा रहा था। उन्होंने संस्थान में उपचाररत युवकों से बातचीत की, लेकिन मिली शिकायत के अनुसार मारपीट जैसी स्थिति नहीं पाई गई। संस्थान सहकारिता विभाग से पंजीकृत मिला। संस्थान अध्यक्ष ने बताया कि संस्थान दो साल से काम कर रही है उसकी ऑडिट के आधार पर राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण में पंजीयन कराना होता है उसके लिए फाइल जयपुर में भेज रखी है वहां से अंतिम प्रक्रिया जारी है। इस दौरान डॉ एचएल ताबियार ने प्रतिदिन एक स्थायी डॉक्टर द्वारा विजिट करने की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिये। फिलहाल हर 15 दिन में चिकित्सक द्वारा संस्थान में जांच करवाई जाती है और आवश्यकतानुसार उपचाररत युवकों को जिला अस्पताल में ले जाकर दिखाया जा रहा है।

# कवि सम्मेलन का आयोजन




श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ महोत्सव के कवि सम्मेलन आयोजित हुआ।

**डूंगरपुर, (निसं)।** घाटा का गांव में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ महोत्सव के अंतर्गत गत रात्रि को कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कवि सम्मेलन में आयोजक परिवार द्वारा आमंत्रित कवियों एवं अतिथियों का माल्यार्पण के द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कवि सम्मेलन में बतौर अतिथि आचार्य रुद्रशेखर महाराज व कपिल पाटीदार रहे। विशिष्ट अतिथि शिवराम पाटीदार, चंद्रशेखर, गिरीश शाह, सुरेश पाटीदार, गटुलाल पाटीदार, मनोज पाटीदार, मुकेश पाटीदार रहें। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वागत उद्बोधन गांव के डायालाल पाटीदार ने दिया। कवि छत्रपाल शिवाजी ने कभी यहां पर कभी वहां पर, जीवन बहती धारा है कभी भँवर में अटकी साँसें,मिलता कभी किनारा है। कविता के इस महायज्ञ में, खुद को होम दिया हमने, इश्क किया है सिर्फ कलम से, हम आशिक बंजारा हैं रचना पढी तो लोग दाद देते रहे। गौमुखी पाटीदार ने उम्दा सृजन के लिए कवि को कागज हो जाना होता है। कृष्ण को लिखने की मंशा हो अगर हदय में, तो कुछ वक्त के लिए ही सही मगर कवि को राधा हो जाना होता हैं। इन पंक्तियों से कृष्ण भक्ति का एहसास करवाया। कवि रोमिल पाटीदार ने जो बेटियों की इज्जत से खेले ऐसे दरिंदों के लिए चौराहे पर गर्दन काटी जाए देश में ऐसा कानून चाहिए एवं देशभक्ति कविता सैनिक भारत मां के लिए जान तक दे देता है तब जाकर के हिंदुस्तानी तिरंगा लहराता हैं। रचना सुनाई तो जोश में वक्त ठहर सा गया। रचनाधर्मियों के काव्य पाठ जैसे-जैसे परवान चढे श्रोता भी उनकी फुहार में भीगते रहे। संयोजक कवि सुनील पटेल सन्नाटा नेजपुर ने भारत को गर्व है कि हमारे पास स्टैच्यू ऑफ यूनिटी हैं। न भूखा सो सके भारत यही सपना किसानों का कविता के माध्यम से किसानों की दर्द बयानी की। देर रात तक गीतों,गजलों ओज की कविताओं व हास्य-व्यंग्य के ठहाकों के बीच श्रोता झूमतें रहे। रोहिणी पंड्या ने उठो जगो बढे चलो कलम यही पुकारती, रहे अखंड सर्वदा हमारी मात भारती कविता पढी। कवि गोपाल सेवक ने ष्टीवी नो असर मारी पत्नी माते पड्यो, वो जोरदारए टीवी ना चक्कर में भूली जाए रचना पढकर सामाजिक जीवन पर टीवी के प्रभाव को रेखांकित किया। सुरेश सरगम फलोज ने आज भी भारतीय संस्कृति में करवा चौथ ही स्त्री के लिए महत्वपूर्ण त्यौहार है रचना पढकर भारतीय संस्कृति व संस्कारों का वर्णन किया। बाल कवि आगम शाह ने भी कविता सुनाई। नवयुवक मंडल अध्यक्ष नरेश पाटीदार ने आभार जताया। विकास पाटीदार, राजेश पाटीदार,संजय पाटीदार समेत नवयुवक मंडल के सभी सदस्य व ग्रामीण मौजूद रहें।